Rediffusion/Edelman

Publication: Swadesh
Date: 31/08/2013
Edition: Indore
Page No: 12
Headline: Mayukh, Shubham win finals of TCS IT Wiz

मयूख नायर और शुभम राव स्मार्ट टेक विजाड्‌र्स

इंदौर। शहर के विभिन्न स्कूलों के 1200 से अधिक छात्रों ने यूनिवर्सिटी आडिटोरियम, डीएवीवी यूनिवर्सिटी कैम्पस, खंडवा रोड इंदौर में आयोजित टीसीएस आईटी विज में हिस्सा लिया। इंदौर संस्करण के रीजनल फाइनल्स में बेहद कड़ा और दिलचस्प मुकाबला देखा गया। इसमें सागर पब्लिक स्कूल के मयूख नायर और शुभम राव ने अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी द न्यू ग्रीनफील्ड पब्लिक एकेडमी के प्रत्युश समल और सिद्धार्थ जिंदल को हराया।

विजेताओं को आईपैड प्रदान किया गया। जबकि रनर्स अप को ग्लैक्सी टेबलेट दिया गया। विजेता जोड़ी स्मार्ट टेक विजाडर्स 2013 का खिताब जीतने के लिए मेगा फाइनल्स में इंदौर का प्रतिनिधित्व करेगी। डॉ. रितू आनंद, वीपी एवं डिप्टी हेड, ग्लोबल एचआर, टाटा कंस्लटेंसी सर्विसेज ने पुरस्कार वितरित किए। सोशल मीडिया आउटरीच प्रोग्राम के एक हिस्से के रूप में रियल टाइम में छात्रों को संलग्न करने के लिए एक संवादपरक टिवटर कांटेस्ट का आयोजन भी क्विज के दौरान किया गया। रीजनल फाइल्स के दौरान 1881 टवीट्स दर्ज किए गए। इस वर्ष टीसीएस आइटी क्विज , स्मार्ट टेक विजार्ड की तलाश, का आयोजन देशव्यापी स्तर पर 14 स्थानों-अहमदाबाद, बैंगलोर, भूवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर एवं पुणे में किया जाएगा। विजेता का खिताब जीतने के लिए यूएई संस्करण के विजेता भी इस मेगा फाइनल्स में भिड़ेंगे।